हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 1 अप्रैल 2024

11 जन समर्पित नेता थे सुरेंद्र सिंह, किसानों की...

12 इन्हासमेंट की राशि ब्याज सहित दिलवाने की मांग

खबर संक्षेप

युवक को दो अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा

बाढ़ड़ा। सीआईए टीम ने गांव गोपालवास बुस्टिंग स्टेशन के समीप से युवक को अवैध हथियारों सहित पकड़ने मे सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने युवक से दो देशी पिस्तौल व 7 जिंदा कारतूस बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी युवक गांव गोपालवास में अवैध हथियार लिए खड़ा है और वारदात को अंजाम दे सकता है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर वहां रेड की और वहां खड़े एक युवक को काबू कर नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुए। पुलिस टीम ने दोनों पिस्तौल को खोलकर चैक किया तो एक में चार कारतूस व दूसरे में तीन कारतूस लोड मिले।

गोपी के समीप कार से अवैध शराब बरामद

बाढ़ड़ा। पुलिस की टीम ने गोपी के समीप गोपी कारीमोद कच्चे रास्ते पर अवैध शराब डली कार को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी गांव गोपी निवासी व्यक्ति कार में अवैध शराब लेकर कच्चे रास्ते पर कारी मोद से गोपी की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वहां पहुंची तो गोपी से थोड़ा पहले कार के पास व्यक्ति खड़ा था। पुलिस टीम को देखकर उसने गाड़ी को भगाने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस टीम ने उसे काबू कर लिया और कार की तलाशी ली तो उसमें से पांच पेटी अवैध देशी शराब की बरामद हुई। पुलिस द्वारा पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गांव गोपी निवासी के रूप में हुई है।

चंदेनी में पहाड़ी पर अवैध शराब बेचते पकड़ा

बाढ़ड़ा। गांव चंदेनी में पहाड़ी पर शराब बेच रहे व्यक्ति को पुलिस ने अवैध शराब सहित पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदेनी में पहाड़ी पर माईकलां को जाने वाले कच्चे रास्ते पर अवैध शराब रखकर बेच रहा है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर रेड की तो पहाड़ी के ढलान पर व्यक्ति वहां खड़ा दिखाई दिया। जिसके पास प्लास्टिक का कट्टा था। पुलिस टीम को देखकर वह पहाड़ी की ओर भागने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी शराब की 13 बोतल बरामद हुई। व्यक्ति की पहचान चंदेनी निवासी कृष्ण के रूप में हुई है।

जिला स्तर पर मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

भिवानी। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 133 वें जन्मोत्सव को लेकर हनुमान गेट स्थित बाबा नत्थूनाथ मंदिर में एक जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीताराम लांगयान ने की। इस मौके पर सर्वसम्मति से डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव को हर वर्ष की भांति डॉ. अंबेडकर छात्रावास प्रांगण में मनाने का फैसला लिया गया।

ताजपोशी के बाद पहली 'परीक्षा' में 'उत्तीर्ण' हुए बिसम्बर वाल्मीकि

ढोल नंगाड़ों के साथ पहुंची भीड़, गदगद हुए मुख्यमंत्री नायाब सैनी

बवानीखेड़ा। रैली में मंचासीन सीएम व अन्य और रविवार को आयोजित रैली को संबोधित करते राज्यमंत्री बिसम्बर वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डेढ़ सप्ताह पहले प्रदेश सरकार में बतौर राज्यमंत्री(स्वतंत्र भार) के पद पर विधायक बिसम्बर वाल्मीकि की ताजपोशी हुई। मंत्री मिले डेढ सप्ताह का अरसा भी नहीं बीता था कि हलके में सीएम नायाब सैनी की रैली भी रख दी।

मंत्री बिसम्बर वाल्मीकि अपनी मेहनत की बदौलत आज सरकार पार्टी द्वारा रखी गई रैली में भीड़ जुटाने की परीक्षा में उत्तीर्ण हो गए। भीड़ से गदगद सीएम नायाब सैनी ने राज्यमंत्री की पीठ थपथपाई। चूंकि दूसरी बार विधायक बनने के बाद बवानीखेड़ा हलके का पहली बार सरकार में मंत्रीपद मिला है। बताते है कि मंत्री पद देने के बाद पार्टी की तरफ से विधायक बिसम्बर वाल्मीकि की यह परीक्षा थी। चूंकि पार्टी यह देखना चाह रही थी कि मंत्री पद की तो जिम्मेदारी दी जा चुकी है,लेकिन अब उनकी जनता या हलके में कितनी मजबूत पकड़ है। जिसके चलते मंत्री बनाने के कुछ दिनों बाद ही बवानीखेड़ा में रैली रखना इसी बात की तरफ ईशारा कर रही है। रैली में आज अथाह भीड़ ने पहुंचकर राज्यमंत्री बिसम्बर वाल्मीकि की लोकप्रियता को दर्शा दिया।

■ रैली में भीड़ ने पहुंचकर राज्यमंत्री बिसम्बर वाल्मीकि की लोकप्रियता को दर्शा दिया

बवानी खेड़ा में उक्त रैली ने एक नया इतिहास रच दिया। बवानीखेड़ा की अनाजमंडी में आयोजित सीएम नायाब सैनी की रैली में भीड़ सुबह से ही जुड़ने लगी थी। जिस वक्त सीएम नायाब सैनी पहुंचे तो उस वक्त पांडाल लोगों की भीड़ से खचाखच भरा नजर आया। कुछ लोग बाहर तो कुछ लोग खड़े भी रहे। सीएम के भाषण खत्म होने तक भीड़ वहां पर जमी रही।

मंत्री ने सीएम को पहनाई पगड़ी तो दी शाबासी

राज्य मंत्री बिसम्बर वाल्मीकि ने सीएम नायाब सैनी को मंच पर हलके की तरफ से सम्मान की पगड़ी पहनाई तो सीएम गदगद हो गए। साथ ही भीड़ की तरफ देखकर मंत्री बिसम्बर की पीठ थपथपाई। इस दौरान सीएम नायाब सैनी ने पीएम नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को पूरा करने का आहवान किया और कहा कि सभी के सहयोग से इस नारे को बड़ी आसानी से पूरा किया जा सकता है। जैसे ही रैली में नेताओं का आना व जाना शुरू हुआ तो समर्थक गाजे बाजे के साथ रैली स्थल पर पहुंचने लगे। महिलाओं की संख्या भी अच्छी खासी थी। शुरुआत में तो दर्शकों की संख्या कम थी, लेकिन जैसे.जैसे नेताओं का मंच पर पहुंचना शुरू हुआ तो भीड़ बढ़ती चली गई। कोई पैदल तो कोई वाहनों में बैठकर रैली स्थल तक पहुंचा।

बहल। सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक राजबीर श्योराण को उनकी सेवानिवृत्ति पर आशीर्वाद देतीं उनकी माता मनकौर देवी। फोटो : हरिभूमि

हेडमास्टर राजबीर सिंह 30 साल बाद रिटायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

राजकीय उच्च विद्यालय सेरला में कार्यरत मुख्याध्यापक राजबीर सिंह श्योराण को शिक्षा विभाग में करीब 30 साल की सेवा उपरांत सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजबीर सिंह की कार्यशैली व उनका शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की।

आयोजित कार्यक्रम में आईएएस शीशराम वर्मा, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, कांग्रेस नेता राज गागड़वास, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी धूपसिंह आर्य सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि राजबीर सिंह ने शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय काम करते हुए अध्यापन कार्य किया वहीं पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी का बेदाग सेवानिवृत्ति ही उसकी सेवा की सही पहचान होती है। राजबीर सिंह ने शिक्षा के साथ हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और जनहित के कार्यों में अपना योगदान दिया। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी धूपसिंह आर्य ने कहा कि राजबीर हमेशा अपनी सेवा व कर्त्तव्य के प्रति निष्ठावान रहे हैं। सेवा के दौरान हमेशा एक ऐसे शिक्षक की भूमिका में रहे जिन्होंने अपने शिष्यों को शिक्षा के साथ सामाजिक संस्कार देकर उनको समाज में सभ्य नागरिक की पहचान दी है। वहीं, आईएएस व चंडीगढ़ में कैग में महालेखाकर शीशराम वर्मा ने कहा कि एक समय में उनको राजबीर के साथ काम करने का अवसर मिला है जो हमेशा उनके लिए यादगार रहेगा।

कार्यक्रम में आईएएस शीशराम वर्मा, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, कांग्रेस नेता राज गागड़वास, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी धूपसिंह आर्य सहित अनेक लोगों ने शिरकत की

■

सरकारी कर्मचारी का बेदाग सेवानिवृत्ति ही उसकी सेवा की सही पहचान होती है : वक्ता

भिवानी प्रीमियर लीग में हुए रोचक मुकाबले

■ दादरी डेविल्स ने 25 रनों से तोशाम टाइगर्स को हराकर मैच किया अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रणजी खिलाड़ी अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा गांव रेवाड़ीखेड़ा स्थित ठाकुर आजाद सिंह क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित 16 दिवसीय भिवानी प्रीमियर लीग के दूसरे दिन रविवार को भी रोचक मुकाबले देखने को मिले। दूसरे दिन के मैच में एक तरफ जहां खिलाड़ियों ने खुलकर बल्लेबाजी का हुनर दिखाया तो वही बॉलरों ने अपनी गेंदबाजी का जादू दिखाते हुए मैच को रोमांचक बनाए रखा। दूसरे दिन के मैच की

शुरूआत समाजसेवी कमांडर सुनील शर्मा व जितेंद्र शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर ली। पहले मैच का टॉस सत्यनाराण शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि करवाया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार की खेल स्पर्धाओं से गांव की मिट्टी से तैयार हुए खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता हैं। उन्होंने कहा कि भले ही आज महानगरों में करोड़ों रूपयों के स्टेडियम बने हुए हैए लेकिन गांव के इस मैदान से तैयार हुए खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पहला मुकाबला दादरी डेविल्स और तोशाम टाईगर्स के बीच हुआ। जिसमें दादरी डेविल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 112 रन बनाए। अर्जुन ने सर्वाधिक 21 रन बनाए। तोशाम टाईगर्स लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.2 ओवर में 87 रनों पर ऑलआऊट हो गई। दादरी डेविल्स ने 25 रनों से मैच जीत लिया। दादरी डेविल्स की तरफ से दिनेश वर्मा ने तीन और मनजीत ढल और मोनू ने दो-दो विकेट चटकाएं। इस अवसर पर दीपक सरपंच, दुष्यंत, नीटू शेखावत, रवि, भारत, रोहित, योगेश, कर्मबीर आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

नन्हें मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि वर्तमान में प्ले स्कूलों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि प्ले स्कूल प्रबंधन शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियां और खेलकूद स्पर्धाओं पर भी अधिक ध्यान दें। बचपन में विद्यार्थियों में डाले गए संस्कार ही उसे सभ्य नागरिक बनाते हैं।

वे स्थानीय आदर्श प्ले स्कूल परिसर में आयोजित तीसरे वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने कृष्ण सुदामा प्ले के साथ साथ भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति दी। विद्यालय निदेशक जितेंद्र जांगड़ा ने कार्यक्रम में पहुंचे समाज सेवी रमेश कौशिक, भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोड़ूका, नरेश ठुकराल, सरपंच राकेश शर्मा, पूर्व प्राचार्य रघुवीर सिंह, सीए विपिन कुमार, रामप्रसाद आदि अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी रमेश कौशिक ने विद्यार्थियों को हौसला बढ़ाया और कहा कि मोबाइल के युग में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ संस्कारों की शिक्षा देना जरूरी भी है और यह बहुत बड़ी चुनौती भी है। इस दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

लोहारू। आदर्श प्ले स्कूल में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

एक महीने बाद भी संजय की मौत में गिरफ्तारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव रासीवास निवासी संजय की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं से मृतक के परिजनों में रोष बना हुआ है। मृतक के परिजन प्रदेश के मुख्यमंत्री व पूर्व गृहमंत्री अनिल विज को भी पत्र लेकर न्याय की मांग कर चुके हैं। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले में गंभीरता नहीं दिखा रही। जिसके कारण उनको न्याय नहीं मिल रहा।

गांव रासीवास निवासी संजय 8 फरवरी को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुआ था। 25 फरवरी को छपार गांव के समीप एक कंकाल मिला था। जिसकी पहचान संजय के रूप में हुई थी। मृतक के के परिजनों ने संजय की हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने मृतक की मां रामभतेरी देवी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मृतक संजय की मां रामभतेरी बताया कि उसका बेटा संदीप परिस्थितियों में लापता हुआ था। 25 फरवरी को उसके मोबाइल पर किसी व्यक्ति ने उसके बेटे के बारे में पूछा और बताया कि छपार गांव में मंदिर के पास एक इंसान की खोपड़ी व हड्डियां मिली हैं। कपड़ों के आधार पर मृतक की पहचान संजय के रूप में हई थी। रामभतेरी देवी ने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने मिलकर उसके बेटे की हत्या की है। मृतक संजय की परिजनों ने पुलिस की कार्य प्रणाली से नाराज होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री व पूर्व गृह मंत्री अनिल विज को पत्र लेकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मामले में अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाब नहीं हुई है। एक महीने से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं।

एसपी से भी लगाई गुहार

मृतक संजय की बहन रामभतेरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक व सदर थाना प्रबंध से अनेक बार मुलाकात कर गुहार लगाई जा चुकी है। मगर उनको हर बार जांच जारी व लैब रिपोर्ट के इंतजार का हवाला देकर भेज दिया जाता है। एक माह से अधिक वक्त बीत जाने के बाद भी पुलिस इस संबन्ध में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी है।

जांच जारी है और रिपोर्ट का इंतजार

जांच कर रही अधिकारी ने बताया कि संजय की संदीप की स्थिति में मौत हुई है। इसकी निष्पक्ष जांच जारी है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस उस एंगल से भी जांच कर रही है। लैब रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

■ मृतक के परिजन प्रदेश के मुख्यमंत्री व पूर्व गृहमंत्री अनिल विज को भी पत्र लेकर न्याय की मांग कर चुके हैं

■ 25 फरवरी को छपार के समीप मिला था कंकाल

स्वीप टीम ने मताधिकार के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

प्रदेश में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार लोगों को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट के नेतृत्व में गठित स्वीप टीम द्वारा शनिवार को जिला के बास रानीला गांव में मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया।

स्वीप टीम सदस्य जिला सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. सतीश साहू ने बताया कि टीम ने चौपाल व मुख्य चौराहों पर बैठकों में जाकर मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रत्येक बालिग को मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करवाना चाहिए। आगामी 26 अप्रैल तक नए वोट बनवाए जा सकते हैं। उक्त कार्य युवक युवतियां अपने मोबाइल के द्वारा भी घर बैठे आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए वोटर्स सर्विस पोर्टल पर जाकर फॉर्म नंबर 6 भरते हुए अपना आधार कार्डए जन्म का प्रमाण व घर के किसी सदस्य का मतदाता पहचान पत्र अपलोड करते हुए अपना वोट बना सकते हैं। टीम सदस्य जिला एनएसएस कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि संविधान के अनुसार प्रत्येक बालिग को मतदान का अधिकार प्रदान किया हुआ है। इसलिए हमें हमें अपने अधिकार का लाभ उठाते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करके मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने की बात भी कहीं। स्वीप टीम ने गांव के सरपंच प्रतिनिधि विनोद चौहान, पंच कृष्ण, अभयराम व अन्य मौजीज व्यक्तियों से संपर्क करते हुए कम प्रतिशत मतदान वाले क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने की अपील भी की। इस दौरान सरपंच ने टीम को पूर्ण विश्वास दिलाया कि हम कल ही गांव में मुनादी करवा कर मतदान बढ़ाने के लिए ग्रामवासियों को मतदान के प्रति प्रेरित करने का कार्य करेंगे। इस दौरान गांव के नवयुवकों में मत बनवाने के प्रति उत्सुकता देखी गई।

खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट के नेतृत्व में गठित स्वीप टीम शनिवार को बास रानीला में पहुंची

■

स्वीप टीम ने चौपाल व मुख्य चौराहों पर बैठकों में जाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए किया जागरूक

■

26 अप्रैल तक फार्म नंबर 6 भरकर बनवाए जा सकते हैं नए वोट

■

मतदान करने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अनिवार्य

■

टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करके मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं

28 से 30 मार्च तक हुई थी 43वीं जूनियर राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप

राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में भिवानी की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी के ना केवल बेटे, बल्कि बेटियों ने भी अपनी खेल प्रतिभा के दम पर विश्व भर में अपनी अलग पहचान बनाते हुए महिला सशक्तिरण को बढ़ावा देने का काम किया है।

अब 43वीं जूनियर राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में भिवानी की लड़कियों की टीम प्रदेश भर में प्रथम रही है, वही लडक़ों की टीम द्वितीय स्थान पर रही। भिवानी की बेटियों की उपलब्धि पर खेल नगरी भिवानी के खेल प्रेमियों में खुशी व उत्साह है। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव संदीप कोंटिया ने रविवार को भिवानी में बताया कि हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा 28 से 30 मार्च तक जींद जिला के गांव दनौदा में लडक़े व लड़कियां वर्ग की 43वीं जूनियर राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गया था। इसमें लड़कियों की टीम में भिवानी प्रथम,हिसार द्वितीय तथा कुरूक्षेत्र व सिरसा संयुक्त रूप से तृतीय रहे। वह लडक़ों की टीम में झज्जर प्रथम, भिवानी प्रथम तथा सोनीपत व हिसार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर एसोसिएशन की कुरुक्षेत्र जिला की प्रधान सुशीला देवी व सचिव परमवीर सिवाच ने बताया कि लड़कियों की कुरूक्षेत्र की टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर 24 वषारे् बाद कुरूक्षेत्र को पदक दिलाने का कार्य किया है। जिससे एक बार फिर लड़कियों की खेल प्रतिभा सभी के सामने आती है। उन्होंने प्रतियागिता के सफलतापूर्वक आयोजन करवाने पर हरियाणा स्टेट हैंडबॉल एसोसिएशन का आभार जताया तथा कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है। इस मौके पर फाउंडर मैंबर नाहर सिंह, एसोसिएशन के उपप्रधान राममेहर चिंकारा, कोषाध्यक्ष सुरेश अहलावतए वरिष्ठ कोच हरिस्वरूप साई, एसोसिएशन भिवानी के सीईओ राम अवतार शर्मा, भिवानी सचिव मनजीत सिंह ढ़ांडा, ऑफिस सचिव परमवीर सिवाच, सोनीपत सचिव जितेंद्र,विकास कुमार, संदीप बलौदा सहित अन्य पदाधिकारियों व खेलप्रेमियों ने विजेता टीमों को बधाई दी।

भिवानी। 43वीं जूनियर राज्य स्तरीय हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान पर रही भिवानी की लड़कियों की टीम। फोटो : हरिभूमि

दूध, दही, लस्सी मिट्टी के बर्तन में रखते थे

दूध खराब न हो इसके लिए उसे मिट्टी की कढ़ोणी में रखा जाता था। कढोणी के नीचे ईंधन डाल दिया जाता था। दिनभर यह दूध उबलता रहता था। जिसके बाद वह खराब नहीं होता था। चाय आदि के दूध को ज्यादा गर्मी होने पर ठंडे पानी में रखते थे। मिट्टी की बिलौनी में दूध को शाम के समय जमाया जाता था। सुबह जो दही जमी होती थी, उसको बिलोकर मक्खन व लस्सी बना लिया जाता था।

तूड़ी, अनाज और खाद्य वस्तुओं के भंडारण की सस्ती तकनीक का इस्तेमाल करते थे ग्रामीण

चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। आज हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी।

परंपरा | राज कुमार नरवाल

आज से चार दशक पहले तक बहुत से गांवों में इक्का दुक्का घरों में ही बिजली का कनेक्शन होता था। जिन घरों में बिजली का मीटर था। उनमें भी पर्याप्त बिजली उपकरण नहीं होते थे। लोग केवल रात को बल्ब जलाने के लिए बिजली का प्रयोग करते थे। धीरे धीरे इलेक्ट्रिक उपकरण बढ़ते चले गए और हालात यह हैं कि बिजली की वजह से गांव देहात के दृश्य ही बदल गए हैं। गर्मी के मौसम में लोग गलियों में या घरों की छतों पर सोते थे। अब रात को गर्मी के मौसम में जहां गलियां सुनसान दिखाई देती हैं। पहले ऐसा नहीं था। पूरे गांव की गलियां रात को भी गुलजार रहती थी। आस पड़ोस व मोहल्ले के लोग देर रात तक एक दूसरे से बातचीत करते रहते थे। इन्वर्टर आने के बाद तो लोगों ने घरों के अंदर ही रहना शुरू कर दिया। अब तो गर्मी हो या सर्दी दिन के समय भी गांवों की गलियां सुनसान रहती हैं। पहले गांव के लोग दोपहर के समय भी घरों से बाहर ही रहते थे। गांव की बणियों में पेड़ों की छांव के नीचे पशुओं को बांधते थे और वहीं पर गांव के लोगों की दोपहरी कटती थी। बिजली के उपकरण जैसे जैसे बढ़ते चले गए वैसे वैसे ही गांव देहात के लोगों का रहन सहन और जीवन यापन का तौर तरीका ही बदलता चला गया।

बर्फ को बोरी में डालकर तूड़ी में दबा देते थे

कोल्ड स्टोरेज व फ्रीज के आने से पहले खाने पीने की वस्तुओं के भंडारण का भी सिस्टम बदल गया। पहले ब्याह शादी में शहर से बर्फ की सिल्ली खरीदकर लाते थे तो उसको बोरी में डालकर तुड़ी में दबा दिया जाता था। जिससे बर्फ पिघलती नहीं थी।

तूड़ी को सुरक्षित रखने के लिए भूसे से खेत में ही बना लेते थे कूप

अब तूड़ी को ज्यादातर लोग कमरों में भरकर रखते हैं। लेकिन पहले खेतों में तूड़ी रखने के लिए गेहूं की डालियों व भूसे आदि से लोग कूप बनाते थे। कूप बनाने में केवल श्रम लगता था। किसी भी प्रकार का खर्च इसको बनाने में नहीं लगता था। कूप में रखी गई तूड़ी गर्मी, सर्दी, बारिश व आंधी में सुरक्षित रहती थी। अब तूड़ी रखने के लिए बनाए जाने वाले कमरों पर लाखों रुपए खर्च होते हैं। पहले किसान गेहूं की तूड़ी के अलावा चने की भुरली, चने का खार, चने का न्यार और ग्वार का गूणा भी संभालकर रखते थे। कुछ इलाकों में तो आज भी इक्का दुक्का तूड़ी के कूप देखने को मिल जाते हैं।

कागज को गलाकर बनाए ठाठियों में रखी जाती थी मिठाइयां

ब्याह शादी से कई दिन पहले घर की महिलाएं कागजों व गत्तों को इकट्ठा करके मिट्टी के घड़ों में डाल देती थी। उसके बाद इनमें पानी भर लिया जाता था। कागज गल जाने के बाद उनको मुलतानी मिट्टी मिलाकर मूसल के साथ उंखल में कूटा जाता था। जो कागज गलने के बाद गारा सी बनती थी, उससे महिलाएं बोहिए अथवा ठाठिए बनाती थी। उसके बाद मुल्तानी मिट्टी से उसकी लिपाई की जाती थी। महिलाएं इन बोहियों पर चित्रकारी करती थी। इन बर्तनों में मिठाइयां रखी जाती थी। इनमें रखी मिठाइयां खराब नहीं होती थी।

तूड़ी में रखा जाता था प्याज

जब प्याज सस्ता होता था। तब उसको काफी मात्रा में खरीद लिया जाता था। उसके बाद उसको तूड़ी में रख दिया जाता था। तूड़ी में रखा गया प्याज महीनों तक खराब नहीं होता था। सालभर बाद भी प्याज ज्यों का त्यों रहता था।

बालू रेत में रखे चने और मूंग नहीं होते थे खराब

चना व मूंग जैसी दलहन फसलों को खराब होने से बचाने के लिए लोग उनको बालू रेत में रखते थे। कई कई मण अनाज घरों में बालू रेत में पड़ा रहता था। यह अनाज लंबे समय तक बालू रेत में खराब नहीं होता था।

महिलाएं बनाती थी गारा मिट्टी के कुठले

आज से तीस साल पहले तक महिलाएं गारा मिट्टी से छोटे बड़े कुठले बनाती थी। बड़े कुठलों में तो दो तीन मण तक गुड़ आ जाता था। कुठलों में रखा गया गुड़ चौमासे में भी खराब नहीं होता था। सभी तरह के मौसम बीत जाने के बाद भी सालभर गुड़ ज्यों का त्यों रहता था। इन कुठलों को ढंकने के लिए ढक्कन भी गारा से ही बनाया जाता था।

घी को रखा जाता था मिट्टी के बर्तन (बारा) में

पहले ग्रामीण आंचल में बसने वाले अधिकतर लोग पशु पालते थे। कई घरों में तो कई कई दुधारू पशु होते थे। जिस वजह से बहुत घी स्टॉक करना पड़ता था। घी मिट्टी के पक्के बर्तनों में रखा जाता था। घी के बर्तन को बारा कहा जाता था। पहले घरों में घी के बारे भरे रहते थे।

शहतूत की टहनियों से बने बोहिए में रखी जाती थी रोटियां

शहतूत की टहनियों को काटकर उनसे बोहिए, छाबड़े, छाबड़ी व पालने बनाए जाते थे। इन वस्तुओं में छिद्र होते थे, जिससे उनमें हवा भी पहुंचती थी। शहतूत से बनाए बोहिए में रेजे से बने छालने में लपेटकर रोटियां रख दी जाती थी। जो शाम तक भी खराब नहीं होती थी। कुछ लोग तो इन बोहियों में रखी रोटियों को दूसरे दिन भी खा लेते थे। जानवरों व पशुओं से बचाने के लिए इन बोहियों को मकान की छत पर रस्सी का छिक्का बनाकर उसमें रख दिया जाता था। बोहिया हवा में लटकता रहता था। सुबह एक बार महिलाएं रोटियां बनाकर बोहियों में रख देती थी, जिसको जब भी भूख लगती, तभी खा लेते थे। वे रोटियां स्वादिष्ट भी लगती थी। अब रोटियों को प्लास्टिक की परत लगे डिब्बो में रखा जाता है।

बुखारियों में रखा जाता था अनाज

घर में चना, गेहूं, ग्वार, ज्वार आदि अनाज बुखारियों में रखा जाता था। घर में एक जगह पर ईंटों की छोटी दीवार बनाकर एक जगह बना ली जाती थी। जिसमें अनाज भर लिया जाता था। उसकी दीवारों की गाय के गोबर व मिट्टी से लिपाई पुताई कर दी जाती थी।

मर्तबान में रखते थे अचार

अचार जहां अब प्लास्टिक के डिब्बों में रखा जाता है। वहीं पहले घरों में महिलाएं अचार को चीनी मिट्टी व कांच से बने अमृतबाण में रखती थी। अमर्तबाण में रखा गया अचार लंबे समय तक खराब नहीं होता और वह स्वादिष्ट रहता है। महिलाएं खुद अचार डाल लेती थी और उसको अमृत बाण में रख लेती थी। खेतों से शहद इकट्ठा करके भी लोग उसके कांच के बर्तन में रखते थे। कांच के बर्तन में शहद खराब नहीं होता।

रागनी | विश्वबंधु शर्मा

क्यां की चिंता करता

पैदा सो ना पेद जगत मैं , जो ज्याम्यां सै वो मरता है ।
केवल कर्म हाथ मैं तेरै , तूँ क्यां की चिंता करता है ।। टेक ।।
सातदिनां मैं मरणा निश्चित , फेर क्यूँ मृत्यु तैं डरता है ।
रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र , वोह नाम शनि का धरता है ।
दोष अपणे पै लेता न वो , वो त्यार बहाना करता है ।
बहाने बिन न मोत किसे की , इत कर्मां का फल भरता है ।
अगले पिछले कट्ठे होज्यां , तूँ नाम मोतका धरता है ।
सब के हित मैं काम करै तूँ , तूँ अपणा हित ना करता है ।
काम क्रोध लोभ मोह मद मैं , नासमझ डूब केंमरता है ।
अकल आपणी बाध लागती , यकीन किसी पै न करता है ।
श्रद्धा विश्वास नहीं मन मैं, ना माधव मन तैं भजता है ।
माया ममता मैं घिर बैठा , कट खाणी से ना डरता है।
तूँ दीन बन्धु हरि ना भजता , मकड़ी ज्यूँ जाळे घिरता है ।
तूँ चरण शीश कदे न धरता , तूँ अकड़ा अकड़ा फिरता है ।
दोष नसादे पाप मिटा दे , वो सबका पेटा भरता है ।
थावस राख थोड़ी सी मन मैं , तूँ बेसबरी क्यूँ करता है ।
वो न्यायधीश न्यारा जग मैं ,बिन पासंग नरजा धरता है।
ग्रीवा काट गज नै बचावै , उद्धार अहल्या करता है ।
सुग्रीव बिचारा लाचारी , वो बाली का वध करताहै ।
बाणासुर की कन्या ठाले , शिव ध्वजा जमी पै धरता है ।
बनवारी ताकत का दाता , बन्धु शक्ति सब मैं भरता है ।
सब कुछ त्यार करै नर तेरा ,क्यूँ फिकर गात मैं करता है ।

गजल | किरण यादव

कौन आया दरमियाँ
जो हैं इतनी चुप्पियाँ

क्यूँ हमारे बीच में
आईं इतनी दूरियाँ

कैसे बतलाएँ तुम्हें
कितनी हैं मजबूरियाँ

कैसे भर पाएँगे हम
बीच की ये खाइयाँ

जहन में चुभने लगीं
जाने कितनी किर्चियाँ

गीत | शकुन्तला काजल 'शकुन'

खूँटे नै भैंस पड़ाएं

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।

कर ले याद पुराणे दिना नै, जब कॉलेज मैं जाया करता।
उचक- उचक सब देखा करते, बिन गिनती दंड लगाया करता,
इब प्यारे तूं जावै फैलता,
गिरड़ी-सी गिरड़ाए जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

जब-जब बात करूँ फिटनेस की, ऐकै बात सुनावै तू,
ब्याह होना था हो लिया , मत सिर पै चढ़ती आवै तू।
देख गली के मारैं सीट्टी, सर्कस का जोकर बताएं जा...
ओ जुल्मी तेरा देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

करूँ रंग की बात नहीं, म्हारा ईश्वर भी तो सै काला।
तेरे रूप पै बेहमाता नै, कर राख्या सै कति चाला ।।
मल- मल लावै तेल जले तूं, नहाणा रोज डिगाएं जा...
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

पतली पिंडी पेट कूप-सा, ज्यों पेठा टॉग लगाएं जा..
ओ जुल्मी तेरा रूप देख, खूँटे नै भैंस पड़ाएं जा।।

haribhoomisahitya@gmail .com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

श्रद्धा | बाबा रामरूप में कस्बे सहित देश विदेश के लोगों की आस्था

मेला
बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है

खेल
मेले के दौरान लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता भी करवाई जाती है

दादू नगरी के नाम से पहचाना जाता है बवानी खेड़ा

किसान | दीपक कुमार डुमड़ा

भिवानी जिले के बवानी खेड़ा में बाबा रामरूप के डेरे में लोगों के गहरी आस्था व श्रद्धा है। श्रद्धा के प्रतीक बाबा रामरूप के जन्मोत्सव के अवसर बसंत पंचमी के दिन भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। बाबा रामरूप की कस्बे के ही नहीं अपितु देश के अलग अलग हिस्सों के लोगों में भी काफी मान्यता है। बसंत पंचमी वाले दिन बाबा कि पूजा अर्चना करने के लिए मुम्बई, चेन्ई, कोलकता, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उतरप्रदेश सहित देश के अनेक राज्यों से लोग पहुंचते हैं। कस्बे के लोगों के अनुसार जो कोई भी श्रद्धालु बाबा की सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है बाबा उसकी हर तमन्ना तो पूरी करते ही हैं साथ साथ उनके परिवार का संकट भी हर लेते हैं। डेरा महंत बाबा गुमानदास की माने तो मेले के दौरान बाबा रामरूप का डेरा भव्य तरीके से सजाया जाता है और भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। इसके इलावा लाखों रुपये पुरस्कार वाली खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है।

कौन थे महंत गुमानदास

बाबा रामरूप डेरे के महंत गुमानदास ने बताया कि बाबा की मान्यता व जीवन के बारे में बताया कि सिद्ध श्री योगीराज बाबा रामरूप महाराज दादूपंथी का जन्म महेन्द्रगढ़ जिले के सीहा ग्रम में बसंत पंचमी के दिन विक्रमी सम्वत 1866 को गौड ब्राह्मण परिवार में हुआ था। ये दो भाई थे । इनका पूर्व नाम रामसुख था और छोटे भाई का नाम श्यामसुख था। एक बहन थी जिसका नाम फूलवती था। रामसुख छोटी अवस्था में ही विरक्त हो गए थे।

कैसे जागी भावना

समाजसेवी सुभाष शर्मा, की मानें तो वे सुनते आए हैं कि 20 वर्ष की आयु होने पर रामसुख के हृदय में भावना उठी कि किसी उच्च कोटि के संत से दीक्षा लेकर जन्म को सफल बनाया जाए। वे बाबा मुंगीपा के दर्शन के लिए आ गए । तीन दिन भूखा प्यासा रहने पर भी जब मुंगीपा ने दर्शन नहीं दिए तो रामसुख ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने की सोची। तब बाबा मुंगीपा को दर्शन देने पड़े।

कैसे बने महात्मा

रामरूप गुरु जी आशीर्वाद से भगवद् भजन में इतने लीन हो गए कि परम सिद्ध महात्मा बन गए और अपनी योग माया से चमत्कारिक कार्य करने लगे। जैसे अंग्रेजों द्वारा तोप लाए जाने पर बवानी खेड़ा की रक्षा करना, नटनी की रक्षा करना, योग माया से चोरी जानना, गुरु की भिक्षा मांगना छुड़वाना, जमीन के नीचे मीठा पानी व ईंटों को बताना, गेहूं लाने वाले की चालाकी जानना, हजारी सेठ की पुत्री का मान सम्मान से विवाह करवाना, धन राशि दिखाना, गोपीचन्द व भ्रतृहरि का दर्शन देना, दो स्थानों में एक समय दर्शन देना, बवानी खेड़ा व सिंहा ग्राम में मंदिर बनवाना आदि अलौकिक कार्य बाबा रामरूप महाराज ने किए। अंत में जयपुर के बिहारी बाग में विक्रमी सम्वत 1934 को बाबा ब्रह्मलीन हो गए।

युवाओं को अभिनय सिखाकर पहचान दिला रहे हरिकेश पंघाल

◆ बेजोड़ लेखक व कलाकार के रूप में कमाया नाम ◆ तीन दशक से संस्कृति का करते आ रहे संवर्धन ◆ सकारात्मक विचारधारा से जोड़ युवाओं में भर रहे संस्कार

कलाकार | ओ.पी. पाल

हरियाणा की लोककला एवं संस्कृति के क्षेत्र एक से बढ़कर एक कलाकार दिए हैं। ऐसे ही कलाकारों में डा. हरिकेश पंघाल हैं, जिन्होंने नाटक, कविता और लघु फिल्मों की पटकथा लिखने के साथ ही अभिनय के क्षेत्र में भी एक अभिनेता और रंगकर्मी में अपनी कला का प्रदर्शन किया है। वहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में अनेक प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रशिक्षण देकर उन्हें मंच पर अभिनेता जैसे कलाकारों की पहचान दिलाई है। थिएटर डांस और साहित्यिक क्षेत्र में पिछले तीन दशक से संस्कृति का संवर्धन करते आ रहे पंघाल अभी तक 50 से अधिक नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। प्रसिद्ध रंगकर्मी, अभिनेता, कवि एवं लेखक डा. हरिकेश पंघाल ने अपने साहित्यिक एवं कला के सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत में कई ऐसे अनुछुए पहलुओं को साझा किया है, जिससे कहा जा सकता है कि वह अपनी कला के माध्यम से समाज को सकारात्मक विचारधारा से जोड़कर संस्कृति और युवाओं को संस्कार की राह दिखाने में जुटे हैं।

हरियाणा के भिवानी जिले के गांव खरखड़ी माखवान में चौधरी जगबीर सिंह व श्रीमती वीना रानी के घर में 03 जुलाई 1974 को जन्में कलाकार हरिकेश पंघाल के परिवार की पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। उनके पिता चौधरी जंगबीर सिंह भिवानी संसदीय क्षेत्र से 1991 से 1996 तक सांसद रहे। उन्होंने हरियाणा निर्माण के बाद हुए पहले चुनाव में तोशाम विधानसभा से चौ. बंसीलाल के खिलाफ चार बार चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई। उनके बड़े भाई कमल सिंह प्रधान भी राजनीति में सक्रिय रहे। इसके बावजूद हरिकेश पंघाल का रुझान बचपन से ही कला क्षेत्र में रहा। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के दौरान भिवानी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के कार्यक्रमों में लघु नाटिका कविताएं और भाषण में हिस्सा लिया। इसके वे वैश्य महाविद्यालय भिवानी से स्नातक करने के दौरान रंगमंच की कला से जुड़ गए, जिसका नतीजा ये रहा कि वे युवा समारोहों में 6 बार सर्वोत्तम अभिनेता चुने गए। उनकी इस कला का आरंभ में परिजनों का विरोध भी झेलना पड़ा, लेकिन उनकी अभिरुचि परिवारिक माहौल से अलग पहचान बनाती गई, तो परिवार ने भी प्रोत्साहन दिया।

पत्नी बनी प्रेरणा

बकौल डा. हरिकेश पंघाल उनकी पत्नी भी उनकी कला के प्रसार में प्रेरणा साबित हुई। उन्होंने मनोविज्ञान और हिन्दी एवं जनसंचार में एमए, एलएलबी के अलावा पीएच.डी की उच्च शिक्षा हासिल की है। वर्तमान में वैश्य महाविद्यालय में मनोविज्ञान प्राध्यापक के रुप में कार्यरत डा. हरिकेश पंघाल ने बताया कि 1997 में हरियाणवी कविता को भी युवा समारोह में शामिल किया गया तो उन्होंने भी स्वरचित कविता सुनाई, जिसे प्रथम स्थान मिला। इससे उनका आत्मविश्वास ऐसा बढ़ा कि कई सालों तक उनकी वह कविता युवा समारोह में अव्वल रही। इसके बाद उन्होंने कविताएं लिखना शुरु कर दिया, जिसमें कई ऐसी कविताएं रही जो बड़े बड़े मंच पर प्रसिद्ध हुई। कला जगत में शुरुआती दौर में दर्शकों को उनकी रचनाएं बहुत पसंद आई, लेकिन उन्होंने ऐसी रचनाओं को अश्लीता की परिधि में महसूस किया तो उसके बाद उन्होंने संकल्प लिया किया कि वे ऐसी रचना और नाटकों की प्रस्तुति करेंगे, जिन्हें परिवार के लोग एक साथ देख या सुन सकें। कई बार ओटीटी एप के कार्यक्रमों और हरियाणवी एल्बम और फिल्मों के लिए भी गाने लिखने का ऑफर मिला, लेकिन हरबार उन्होंने वह सबकुछ लिखने से इंकार कर दिया, जो उसके संकल्प के बाहर था। इसलिए उन्होंने सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों और समाज में फैली कुरीतियों को उजागर किया है। डा. हरिकेश दो भक्ति शब्दों पुस्तकें भी लिखी। उन्होंने 15 हरियाणवी नाटक, हरियाणवी और हिंदी में 100 से अधिक कविताओं के लेखन किया।

सम्मान व पुरस्कार

सुप्रसिद्ध कलाकार, कवि व लेखक डा. हरिकेश पंघाल को साहित्य, कला और अभिनय के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए हिमाचल के राज्यपाल, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, त्रिवेणी, नटराज कला मंच सहित कई संस्थाओं व मंचों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा हिंदी और संस्कृत एकांकी नाटकों में 80 शिष्यों को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिल चुका है। उनके कई छात्र बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म की विभिन्न फिल्मों में काम कर रहे हैं, जो उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं है।

गुरु मंत्र से अनेक युवा बने कलाकार

हरिकेश पंघाल का ध्येय कभी फिल्म जगत के परदे पर आना नहीं रहा। इसका मकसद यही था कि वह अपनी कला में कविताओं और साहित्य लेखन के माध्यम से हमेशा पथभ्रष्ट होते समाज खासकर युवा पीढ़ी को सही राह की और आकर्षित किया जाए। यही नहीं उन्होंने कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को जोड़कर गुरु-शिष्य परंपरा को भी गति देने पर बल दिया। इसका सकारात्मक परिणाम ये है कि आज उनसे जुड़े अनेक युवा एक कलाकार के रूप मंचों पर बेहतरीन कला का प्रदर्शन करके सामाजिक उत्थान में अपना योगदान देकर अपने परिवार, राज्य व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इनमें कमल आनंद, नवीन कुमार, अनूप कुमार, शीतल, राज सिंह, जनार्धन, सोनल शर्मा, दिशिका, राजेश राठौर, साहिल अपूर्व और अमिता आदि ऐसे शिष्य कलाकार हैं, जिन्होंने कई दर्जन सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के खिताब हासिल कर लिये हैं। जबकि डा. हरिकेश से अभिनय के गुर सीखकर एकता जागड़ा, उमा शैखावत, भावना, निशा, सुनीता, प्रदीप कुमार, प्रशांत, पवन कुमार, अमित कुमार आदि ने कला के क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं।

खबर संक्षेप

हड्डी जांच शिविर में 79 लोगों ने करवाई जांच

भिवानी। कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में हर माह के आखिरी रविवार को हड्डी जांच शिविर की कड़ी में इस रविवार को भी स्थानीय कृष्णा कॉलोनी स्थित डा. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया तथा 79 मरीजों की जांच कर उन्हे दवाईयां वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी देवराज महता ने रिबन काटकर किया। शिविर में मशीन द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच व फि ब्रो स्कैन विधि द्वारा की गई।

गाय की सेवा से बढ़कर दूसरी कोई सेवा नहीं

चरखी दादरी। आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक गौ माता है। यह हमारे समाज में पूजनीय है। आज भी लगभग प्रत्येक परिवार में पहली रोटी को गौ ग्रास के लिए निकाला जाता है। गाय की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। इसलिए हमें गौ सेवा के लिए बढ़चढ़ कर दान देना चाहिए और गौ सेवा के लिए आगे आना चाहिए हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। यह बात अग्रसेन धर्मशाला निकट स्थित नंदीशाला में आयोजित चतुर्थ वार्षिक उत्सव के दौरान प्रधान महावीर बिरोहडिया ने कही।

आयोजन की अध्यक्षता कृष्ण मकडानिया व पूर्व पार्षद रविंद्र गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि हमें गाय माता की सेवा के लिए दिल खोलकर आगे आना चाहिए ।

घर में चोरी करने के आरोप में एक गिरफ्तार

हांसी। हांसी सदर पुलिस ने रात के समय घर में घुसकर सामान चोरी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सिंहपुरा जिला जींद हाल थालिया बस्ती गोहाना रोड लाखन माजरा निवासी सतीश उर्फ सिल्ली के रुप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

शानदार प्रस्तुति देकर बच्चों ने मोहामन

भिवानी। हालु महोल्ला शिव नगर कॉलोनी स्थित श्रीमती मुन्नी देवी शिक्षा निकेतन स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातथि पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा ने शिरकत की। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी श्याम सुंदर सनातनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा, प्रदीप शर्मा पहुंचे। अतिथिगणों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वल कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा पेश किए गए कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कक्षा पहली में विवान, दूसरी में मयंक, तीसरी में मयंक राज, चौथी में मानवी, 5वीं में विनिता व चाहत, छठी में रांचि, 7वीं में विधि, 8वीं में दीपेश, जिगर, नैतिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। जिन्हे सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा ने कहा कि हर माता.पिता का सपना होता है कि बच्चें शिक्षित होकर सफल व्यक्ति बनें।

जीवन का उद्देश्य एवं दिशा निर्धारित करती है श्रीमद् भागवत कथा, सुनने मात्र से दुष्ट प्रवृत्तियों हो जाती है नष्ट : कौशिक

कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भव्य एवं पारंपरिक वेशभूषा में रविवार से जिला में स्थित गांव बापोड़ा, माईवाला मंदिर में ;दादी गौरी मठ श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा माई रानी के मंदिर प्रांगण से शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल रहे। कलश यात्रा के उपरांत आयोजन स्थल मंदिर के सत्संग भवन पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ श्रीमद् भागवत कथा को स्थापित किया गया। आनंद व भजनो के साथ शुरू की गई श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंडित बृजमोहन कौशिक ने श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथाए ऐसी कथा है, जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को निर्धारित कर मनुष्य की जीवन यात्रा को सुगम बनाती है।

इसलिए जहां भी श्रीमद्भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक उर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें।

आध्यात्मिक विकास

उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता हैए किये हुए जाने अनजाने पापों का शमन होता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। उन्होंने बताया कि दादी गौरी मठ प्रबंधक कमेटी एवं समस्त भगत गणों द्वारा कथा मे सेवा की जा रही है कथा प्रतिदिन दोपहर एक बज से प्रभु इच्छा तक चलेगी। इसके अलावा परिक्रमा का सुबह सुबह 8 बजे से एक बजे तक रहेगा।



भिवानी। क्लशयात्रा निकालती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दादी गौरी मठ के प्रबंधक कमेटी से कृष्ण शर्मा, गोपाल शर्मा, सतबीर शर्मा, गोपाल शर्मा के अलावा धर्मा देवी, सुखदेवी, सरस्वती, सरोज, सुशीला, केला देवी, अजोर, बबली, छोटा दादी, सुमन, कविता, सरोज, मुकेश देवी, बिमला, बबली, किरण, ज्योति, संतोष मुख्तारी, मुन्नी, निर्मला सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

पूर्व कृषि मंत्री चौ सुरेंद्र सिंह को पुण्य तिथि पर किया याद

जन समर्पित नेता थे सुरेंद्र सिंह, किसानों की बेहतरी के लिए ताउम्र किए प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने पूर्व सांसद व पूर्व कृषि मंत्री चौ सुरेंद्र सिंह की पुण्य तिथि के अवसर पर उनको याद करते हुऐ अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सिंह आज भी कार्यकर्ताओं और आम आदमी के दिल में बसते हैं।

सुरेंद्र सिंह जन समर्पित नेता थे और किसानों की बेहतरी के लिए ताउम्र प्रयास करते रहे चौधरी सुरेंद्र सिंह ने किसानो की उन्नति के लिए ड्रिप ड्रिप प्रणाली के प्रति किसानों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा संघर्षशील और बेदाग छवि के नेता थे सुरेंद्र सिंह :जयसिंह वाल्मीकि चौ. बंसीलाल के छोटे बेटे एवं पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौधरी सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर रविवार को गांव गोलागढ़ स्थित सुरेंद्र सिंह की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि सुरेंद्र सिंह ने बंसीलाल के सारथी के तौर पर काम तथा आधुनिक हरियाणा के विकास में अपनी अहम भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि चौ. बंसीलाल धन्य थे, जिन्हे सुरेंद्र सिंह के रूप में संघर्षशील व मेहनती बेटा मिला था। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र सिंह किसानों व युवाओं के लिए प्रेरणा थे। वो आज जिंदा होते तो किसानों व युवाओं की हालत देख कर दुखी होते। जयसिहं ने कहा कि आज के नेताओं को सुरेंद्र सिंह की बेदाग छवि, संघर्ष व मेहनत से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र सिंह ने अपना पूरा जीवन संघर्ष करते हुए जिया। वे युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर सुरेश बड़सी, रमेश पंघाल, नरेश कुमार, अंकुश कांगड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

वहीं पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश जिंदल की पुण्यतिथि पर रविवार को स्थानीय नई अनाज मंडी स्थित अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के कार्यालय में कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पूर्व कृषि मंत्री सुरेंद्र एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश जिंदल के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलकर आदर्श समाज की स्थापना करने का संकल्प लिया। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय वाईस चेयरमैन, विश्व मानवाधिकार ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष, सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट व राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग सदस्य तथा रिपब्लिकन सेना के हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के प्रभारी डॉ. राजू मेहरा जताई ने पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह किसानों के मसीहा के रूप में थे। किसानों की हर समस्या बिजली, पानी, कृषि की समस्याएं दूर करने के प्रयास करते रहे।

भिवानी। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के पदाधिकारी, स्व. सुरेंद्र सिंह की समाधि पर पुष्प अर्पित करते जयसिंह वाल्मीकि।

भिवानी। स्व. सुरेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

बेदाग छवि के नेता थे चौ. सुरेंद्र सिंह : सिंगला

पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल के छोटे बेटे एवं पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौधरी सुरेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर रविवार को क्षेत्र के गांव गोलागढ़ स्थित सुरेंद्र सिंह की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस नेता अशोक सिंगला ने कहा कि सुरेंद्र सिंह ने बंसीलाल के सारथी के तौर पर काम करते हुए आधुनिक हरियाणा के विकास में अपनी अहम भागीदारी निभाई। सिंगला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल धन्य थे, जिन्हे सुरेंद्र सिंह के रूप में संघर्षशील व मेहनती बेटा मिला था। उन्होंने कहा कि सुरेंद्र सिंह किसानों व युवाओं के लिए प्रेरणा थे। वो आज जिंदा होते तो किसानों व युवाओं की हालत देख कर दुखी होते।

किसानों के सच्चे हितेषी थे स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह

हरियाणा निर्माता कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के बेटे एवं पूर्व कृषि मंत्री सुरेंद्र सिंह को की पुण्यतिथि पर रविवार को कांग्रेस नेता दीपश सारसर ने सुरेंद्र सिंह पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर दीपेश सारसर ने कहा कि सुरेंद्र सिंह किसानों के सच्चे हितेषी थे, जिन्होंने किसानों की हर समस्या को दूर करने का प्रयास किया।

स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे: संदीप खरकिया

धानक जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहां की पूर्व कृषिमंत्री स्व. चौ. सुरेंद्र सिंह युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे उन्होंने युवाओं के जनकल्याण के लिए हमेशा संघर्ष किया वे किसान मजदूर के जनहितैषी थे। उन्होंने ताउम्र इन वर्गोर् की भलाई के लिए काम किया। जिसको लेकर आज भी देश व प्रदेश का किसान मजदूर युवा चौधरी सुरेंद्र सिंह को याद कर रहा है। उनकी पूण्यातिथि के अवसर पर गांव खरक में उनके चित्र पर पुष्पार्पित किए।

लोकतंत्र बचाओ रैली में पहुंचे आप कार्यकर्ता

चरखी दादरी। दिल्ली के रामलीला मैदान में इण्डिया गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ रैली के लिए जिला अध्यक्ष धनराज कुंडू के मार्गदर्शन में रविवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं का काफिला रवाना हुआ। इस अवसर पर धनराज कुंडू ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भारत का संविधान व जनतंत्र खतरे में है। आज प्रधानमंत्री मोदी केजरीवाल की लोकप्रियता से डरे हुए है। इसलिए झूठे केस बनाकर केजरीवाल को जेल में डाला गया है। पूरा देश भाजपा के तानाशाही रवैये को देख रहा है। वहीं भाजपा के शासन काल में दमनकारी नीतियों से जनता को कुचला जा रहा है। भाजपा के राज में किसान मजदूर व्यापारी सहित हर वर्ग दुःखी है।

चांदवास की अगुवाई कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे

बाढ़ड़ा। आम आदमी पार्टी के जिला सचिव राकेश चांदवास की अगुवाई में आप कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। जहां वे जंतर.मंतर पर आज आयोजित हो रही संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे। बता दे कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने से आप के कार्यकर्ताओं में रोष बना हुआ है। सीएम अरविंद केजरीवाला की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया गठबंधन द्वारा संविधान बचाओ महारैली आयोजित की जा रही है। जिसमें शामिल होने के लिए आप जिला सचिव राकेश चांदवास की अगुवाई में बाढ़ड़ा से पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। राकेश चांदवास ने कहा कि काफी संख्या में लोग बाढ़ड़ा सहित पूरे देश से दिल्ली पहुंचे हैं।

प्रजातंत्र ख़तरे में : किरण चौधरी

■ केजरीवाल के साथ जो हुआ वो ग़लत हुआ: किरण चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कांग्रेस की दिग्गज नेत्री किरण चौधरी ने अपने पति स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह को याद करते हुए भाजपा सरकार पर करारे कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि आज प्रजातंत्र खतरे में हैं। साथ ही चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कोई अपने आप को बहुत उंचा ना समझे, जनता तख्ता पलट करते देर नहीं लगाती।

19 साल पहले यूपी में हुए हैलिकॉप्टर हादसे में हरियाणा के तत्कालीन मंत्री सुरेंद्र सिंह व ओपी जिंदल का निधन हो गया था। सुरेन्द्र सिंह उस समय हरियाणा कांग्रेस सरकार में कृषि मंत्री हुआ करते थे। आज पूर्व मंत्री व कांग्रेस की दिग्गज नेत्री किरण चौधरी ने अपने पति स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र को याद किया और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। किरण चौधरी ने पति को याद करते हुए कहा कि सुरेंद्र सिंह बहुत जल्दी चले गए। सुरेन्द्र सिंह अपने पिता बंसीलाल के सारथी थे और उनके जैसी शख़्सियत बहुत कम होते हैं। उनके जाने से उनकी व उनके चाहने वालों की क़िस्मत ही फूट गई। वहीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट बंटने में देरी और भाजपा द्वारा कांग्रेस की टिकट एक दूसरे पर थोपने के आरोपों पर किरण चौधरी ने कहा कि हरियाणा में सातवें चरण में चुनाव है। अभी टिकट वितरण की जल्दी नहीं। वहीं केजरीवाल की गिरफ़्तारी को किरण ने ग़लत बताया।

भूप सिंह को ब्लॉक प्रधान नियुक्त किया

बाढ़ड़ा। बाढ़ड़ा के लोहारू रोड़ स्थित जांगड़ा धर्मशाला में रविवार को जांगड़ा समाज की बैठक का आयोजन किया गया। धर्मबीर सिंह बेरला की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जांगड़ा समाज का ब्लॉक प्रधान चुनने के लिए विचार विमर्श किया गया। उसके बाद भूप सिंह भांडवा को जांगड़ा समाज का बाढ़ड़ा ब्लॉक प्रधान चुना गया। इसके अलावा दो सदस्यों को जिला कार्यकारिणी में भेजने पर विचार कर उनके नामों का भी चयन किया गया।

धर्मबीर सिंह बेरला ने बताया कि जांगड़ा धर्मशाला में चुनावी बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने आपसी विचार.विमर्श किया और उसके बाद सर्वसम्मति से भूप सिंह भांडवा को ब्लॉक प्रधान चुन लिया गया।

सतीश परमार चांगिया बने प्रधान

■ हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा ने नई कार्यकारिणी गठित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजपूत धर्मशाला में रविवार को हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा की आम सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सभा के मुख्य संरक्षक आरपी सिंह ने की। इस दौरान पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक के दौरान नए जिला प्रधान की नाम की घोषणा हेतु सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह तंवर ने सतीश परमार चांगिया के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे अधिवक्ता चंद्रपाल चौहान ने समर्थन दिया। जिसके बाद सतीश परमार चांगिया को हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा की भिवानी व चरखी दादरी जिला का प्रधान नियुक्त किया गया। सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह तंवर ने बताया कि अब सतीश परमार चांगिया के पास जिला कार्यकारिणी के विस्तार की अधिकार है तथा उन्हे पूरा विश्वास हैए वे जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन करेंगे। इस मौके पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सतीश परमार चांगिया ने कहा कि उन्हे जो जिम्मेवारी सौंपी गई हैए उसका वे बाखूबी निर्वहन करेंगे तथा राजपूत समाज के हित में कार्य करेंगे। ताकि राजपूत समाज को तरक्की के पथ पर अग्रसर किया जा सकें। इस अवसर पर कर्नल गजराज, चंद्रपाल चौहान, गोपाल चौहान, संजय पार्षद, विजेंद्र, नरेश तंवर जीएम आदि मौजूद रहे।



गांवों में प्रतिभा की कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज रू चरखी दादरी

सरूपगढ़ में शूटिंग वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री मनीषा सांगवान ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजक कमेटी ने मनीषा सांगवान का भव्य स्वागत किया।

खिलाड़ियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मनीषा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यदि उन्हें सही मार्गदर्शन और उचित सुविधाएं प्रदान की जाए तो ग्रामीण आंचल के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। पूर्व में भूपेंद्र सिंह हुड्डा जो खेल नीति लेकर आए उसके बाद से खिलाड़ियों के हौसलों को पंख लगे और काफी संख्या में ग्रामीण प्रतिभाएं निकलकर सामने आई। लेकिन वर्तमान में खिलाड़ियों की आवाज को दबाया जा रहा है और उन्हें उनका हम नहीं मिल रहा है। लेकिन वो दिन अब दूर नहीं है जब कांग्रेस सरकार के साथ खिलाड़ियों के दिन फिर से लौट कर आएंगे। सांगवान ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हम चाहे किसी भी खेल का हिस्सा हो हमें अनुशासन और खेल भावना का परिचय अवश्य देना चाहिए। क्योंकि ये खिलाड़ी की कामयाबी का सबसे बड़ा मूलमंत्र है।

यदि खिलाड़ी अपने खेल के प्रति समर्पित होकर कठिन परिश्रम करे और अनुशासन के साथ खेल भावना का परिचय दे तो उसे उसकी मंजिल तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता।

चरखी दादरी। मनीषा सांगवान का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

केवल निर्धारित स्थान पर लगाई जाए प्रचार सामग्री : उपायुक्त

प्रचार सामग्री लगाने लिए स्थान किए निर्धारित

■ आदर्श चुनाव आचार संहिता की सभी करें पालना: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन द्वारा खंड भिवानी और नगर परिषद भिवानी क्षेत्र में होडिंर्गए बैनर व पोस्टर आदि प्रचार सामग्री लगाने और रैली व जनसभा आयोजित करने के लिए स्थान निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित स्थान के अलावा यदि कोई राजनीतिक दल या उम्मीदवार पोस्टरए बैनर होडिंर्ङ्गस लगाता है या रैली.जनसभा करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार सहिंता का उल्लंघन माना जाएगा।

खंड भिवानी व नगर परिषद भिवानी क्षेत्र में पोस्टर, बैनर व होर्डिंग्स लगाने के लिए गांव अजीतपुरा में बस स्टैंड के पास, आसलवास दूबिया में एसी चौपाल के साथ, आसलवास मरहेटा में स्कूल के आगे चौक, आजाद नगर व गांव बडाला में स्कूल के सामने खाली स्थान पर, बडेसरा में बस स्टैंड के साथ खाली चौक, बामला.1 में बिचली चौपाल, बामला.2 में देवीलाल चौक, बापोड़ा में दिनोद मोड़ बस अड्डडा व स्कूल के आगे चौक, भाखड़ा में स्कूल के पास चौक, बीरण में बीसी चौपाल के सामने, चांग में पंचायत घर के सामने, देवसर में बस स्टैंड धर्मशाला के सामने, ढाणा लाडनपूर में स्कूल के साथ मैदान में, ढाणा नरसान में स्कुल के आगे चौक,धनाना.1 में बस स्टैंड पंचायत घर के साथ चौक, धनाना.2 में बडेसरा मोड़ के साथ चौक, धनाना.3 में हाई स्कूल रोड़ के मोड़ के सामने, ढाणी ब्रहामण में बस स्टैंड के सामने चौक, ढाणी चांग में बस स्टैंड के आगे चौक,ढाणी हरसूख में मंदिर के साथ चौक,ढाणी जग्गा में जरनल चौपाल के पास आदि स्थान निर्धारित किए गए हैं।

यहां होंगी जनसभाएं एवं रैलियां

जनसभा व रैली के लिए गांव अजीतपूरा में तालाब के पास, आसलवास दूबिया में मंदिर के साथ चौक, आसलवास मरहेटा में स्कूल के सामने चौक, आजाद नगर में स्कूल के आगे चौक, गांव बडाला में मंदिर के आगे चौक, बडेसरा में सिंगल चौपाल के आगे चौक, बामला.1 में बिचली चौपाल के आगे चौक, बामला.2 में गौरवा चौक, बापोड़ा में धर्मशाला के आगे वाला चौक, भाखड़ा में गांव के बीच नीमवाला चौक, बीरण में पड़ाव वाला चौक चौपाल, चांग में पंचायत घर, देवसर में बस स्टैंड से धर्मशाला के सामने चौक, ढाणा लाडनपूर में माता वाला चौक, ढाणा नरसान में पंचायत घर के आगे चौक,धनाना.1 में आईटीआई के आगे चोपाल, धनाना.2 में बाबा खाड़ा में चौक व मिलवान चौक, धनाना.3 में नई चौपाल के आगे चौक,ढाणी ब्रहामण में गांव के बीच का चौक, ढाणी चांग में स्कूल के आगे चौक, ढाणी हरसूख में वृद्धा आश्रम के आगे, ढाणी जग्गा में मैन चौक, धारेडू में बस स्टैंड के आगे चौक, धिराना कलां में वृद्ध आश्रम के आगे चौक, धिराना माजरा देवसर में भैया चौक, दिनोद में पंचायत घर के आगे चौक निर्धारित किया गया है।

खबर संक्षेप

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते हुए।

उच्च शिक्षा से ही हम मंजिल को पा सकते : राम अवतार

भिवानी। लिटल किड्ज़ स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसो. के प्रधान रामअवतार शर्मा ने बतौर मुख्यातथि शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सिल्की चावला ने की। समारोह में स्कूली बच्चों के वार्षिक परिणाम की घोषणा की गयी व विद्यालय के संचालक प्रवीण सोनी ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यातिथि राम अवतार शर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा से ही हम मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं।

लोहारू। लोहारू में वित्त मंत्री जेपी दलाल को सम्मानित करते हभाजपा कार्यकर्ता।

युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बनने पर जताया आभार

लोहारू। हाल ही में भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले युवा प्रदीप सैनी और समाज सेवी रमेश कौशिक ने प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल का आभार प्रकट किया और कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कृषि मंत्री को वित्त मंत्री बनने की भी बधाई दी। वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि आज देश की युवा पीढ़ी भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जेपी दलाल ने कहा कि संगठन के युवाओं को पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करना चाहिए।

दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसो. ने वित्त मंत्री को सौंपा मांगपत्र

इन्हासमेंट की राशि ब्याज सहित दिलवाने की मांग

■ सेक्टर .13 के वृद्धाश्रम की मरम्मत करवाने की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। वित्तमंत्री को मांगपत्र सौपंते हुए। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर 13 व 23 से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान ;आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त रामकिशन शर्मा के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारियों ने वित्त मंत्री जेपी दलाल को मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने इन्हासमेंट की राशि करीबन 40 प्रतिशत लोगों की शेष है जिस राशि जल्द से जल्द ब्याज सहित दिलवाए जाने, सेक्टर.13 के वृद्धाश्रम की मरम्मत करवाए जाने व चौकीदार की दोबारा नियुक्ति करने व बकाया वेतन दिए जाने, एमपीएच को सुचारू रूप से चलवाए जाने, मकान नंबर 3534 के आगे सीवरेज की पाइप डालने का कार्य कछुआ चाल चल रहा है जिसे शीघ्रता से पूरा किए जाने, सेक्टर.13 व 23 में मकानों के नंबर लिखवा, जाने, दोनों सेक्टरों के सड़कों की दयनीय स्थिति को ठीक करवा, जाने, रात को चौकीदार की व्यवस्था किए जाने, राशि बढ़ोत्तरी सहित अन्य फाइलें संपदा अधिकारी द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रशासक को हिसार कार्यालय में भेजी गई है, जो कि अभी तक पैंडिंग है उन फाइलों को जल्द से जल्द पूरी करके संपदा अधिकारी को लौटाई जाए। इस मौके पर रामकिश शर्मा ने कहा कि वे लंबे समय से सेक्टर की विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों व कष्ट निवारण समिति की बैठक में अवगत करवा चुके है लेकिन उन्हे हर बार सिर्फ आश्वासन ही आश्वासन मिलते है तथा सेक्टरवासी समस्याओं के बीच नारकिय जीवन जीने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा बार बार आश्वासन दिलाए जाने से परेशान होचुके है। अगर जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। इस मौके पर वित्तमंत्री जेपी दलाल ने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही अधिकारियों की मीटिंग बुलाकर सेक्टर 13 23 की सभी समस्याओं का समाधान करवाएंगे। इस अवसर पर डॉ. सतबीर, फूल सिंह, पीटीआई ताराचंद,रामधन जांगड़ा, ओमप्रकाश दिनोद, विनोद गोड आदि मौजूद रहे।

ढुकराल स्कूल के वार्षिक उत्सव में पहुंचे वित्तमंत्री

■ वित्त मंत्री दलाल ने प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया

लोहारू। प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कस्बे के ठुकराल सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में शिरकत की और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भले ही तकनीकी शिक्षा जरूरी है ले कि न विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी बहुत जरूरी है। वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर शिक्षाए खेल व्यापार आदि क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई है। सिवानी की बेटी नैंसी ने गत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश में सवार्ेच्च स्थान प्राप्त कर सिवानी का ही नहीं बल्कि हरियाणा का नाम रोशन किया है। इससे पहले कृषि मंत्री ने ढिगावा और लोहारू की अनाज मंडी का दौरा करते हुए खरीद प्रकिया का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने फसलों की खरीद के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

भाजपा भिवानी विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कीर्ति नगर स्थित सांस्कृतिक सदन भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में भिवानी विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने की। बैठक को विशेष तौर पर लेने पहुंचे लोकसभा चुनाव संयोजक एडवोकेट शंकर धूपड़ व जिला महामंत्री शिवकुमार पराशर ने बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर केन्द्र से लेकर बूथ स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भिवानी विधानसभा जिला संयोजक धर्मेंद्र जिंदल ने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया। लोकसभा चुनाव संयोजक एडवोकेट शंकर धूपड़ ने कहा कि छह अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस पर हर घर झंडा कार्यक्त्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के घर पर झंडा फहराया जाएगा। बैठक में चुनाव के लिए भाजपा ने अलग.अलग विभाग बनाए हैं जिनके साथ बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पूरे समर्पण के साथ हर बूथ को जीतने में जुटा हुआ है। शक्ति केंद्र प्रमुखों को अपने केंद्र पर बैठक कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने व लोगों तक पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाने का संदेश दिया।

शिवा स्कूल में बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तोशाम रोड़ रूद्रा कालोनी स्थित शिवा पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सैनी कल्याण परिषद के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सैनी, विशिष्ट अतिथि सैनी कल्याण परिषद के पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान चिरंजीलाल सैनी व भाजपा सामाजिक प्रकोष्ठ से रमेश सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया।

मुख्याध्यापक मनोज सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला। स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्त्रमों की प्रस्तुति दी। समारोह में अतिथिगणों ने वार्षिक परीक्षा परिणामों में प्रथमए द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व अन्य गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सैनी ने अपने संबोधन में बच्चों को पढ़ाई की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे तथा रक्तदान व नेत्रदान जैसे पुण्य कायार्े के लिए बच्चों, अभिभावकों व स्कूल स्टाफ सदस्यों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सीमा, पार्वती, रामा, प्रीतम, विनिता,सीमा, अनिता, श्रीकांत, राजेन्द्र, श्रवण, बबली, पूनम आदि मौजूद रहे।

जी लिट्रा वैली स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

■ मुख्यातिथि स्वामी सिद्ध स्वरूप महाराज ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व अभिभावक।

जी लिट्रा वैली विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में स्वामी सिद्ध स्वरूप महाराज ने शिरकत की तथा अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति प्रेमप्रकाश ने की।

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में नपा चेयरपर्सन प्रीति भवानी, भवानी प्रताप, डॉ. रवि भीष्म, सीए एनडी गुप्ता, रामअवतार शर्मा, अमित डागर, रेखा अग्रवाल, कैप्टन रविन्द्र पाल ने उपस्थित हुए। कार्यक्रम में महंत चरणदास का सानिध्य रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिगणों व प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व सरस्वती वंदना के साथ किया। विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के प्रधान विधायक घनश्याम सर्राफ , उपप्रधान सत्यनारायण मित्तल, प्रबंधक रामचंद्र मित्तल, अमन गर्ग, मोहित गोयल, दिव्या गर्ग, रूचिका गोयल, प्रेमलता सर्राफ,स्नेहलता मित्तल,रितु मित्तल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथिगणों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में प्री.प्राइमरी कक्षा के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, ओम साई राम, कक्षा पहली से स्वागत गीत, कक्षा दूसरी से पंजाबी गीत पर सामूहिक नृत्य, कक्षा तीसरी से पांचवी तक समूह गान, भक्तिपूर्ण सामूहिक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। कक्षा छठी से नौंवी तक के विद्यार्थियों ने प्रेरणात्मक गीत, गणेश वंदना, योगा, हरियाणवी नृत्य, मिलीजुली सांस्कृति से पूर्ण सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत की। कक्षा नौंवी के विद्यार्थियों द्वारा विष्णु के विभिन्न अवतारों का प्रदर्शन, नृत्य नाटिका के माध्यम से किया। अंत में शिव तांडव की अदभुत व मनोहारी प्रस्तुती दी। विद्यार्थियों को शिक्षा, कला व खेल.कूद के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान व स्थान प्रापत करने पर प्रशस्ति.पत्र, मेडल व उपहार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबंधन कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, प्रशासन एसके हलवासिया, प्राचार्या डॉ. सुमन यादव, उपप्राचार्या डॉ. पुष्पलता यादव व सभी शिक्षक.शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को उनके शैक्षिक, सांस्कृतिक, खेल.उपलब्धियों व अन्य गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

दादू दयाल हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

भिवानी। पतराम गेट स्थित दादू दयाल हाई स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्त्रम में मुख्यअतिथि डॉ. स्वामी सिद्ध स्वरूप मूलचंद मंदिर व अध्यक्षता वैद्य दौलत राम ने की । संस्था के मंत्री कमलेश चौधरी, विद्यालय प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि विद्यालय 39 साल से भिवानी में अपनी सेवाएं सफलतापूर्वक प्रदान कर रहा है। आधुनिक समय में पूर्ण रूप से अंग्रेजी माध्यम होने के साथ.साथ सांस्कृतिक व खेल गतिविधियों में भी अग्रणी रहा है। कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विशेष स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अध्यापिका मीना रानी ने स्कूल की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

सेंट जेवियर्स स्कूल ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। समारोह में ग्रेजुएशन सेरेमनीए कार्निवल के साथ-साथ कक्षा मोंटेसरी व पहली कक्षा से नौवीं व ग्यारहवीं तक की कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया।

मोंटेसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्त्रम की शुरुआत सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित करके आरंभ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्य मुस्तफा माजिद शामिल थे। नन्हे.मुन्ने बच्चों के द्वारा थिरकते नृत्य और गीतों ने दर्शकों को मंत्र.मुग्ध कर दिया। समारोह की शुरुआत में ग्रेजुएशन टोपी पहने मोंटेसरी के स्मार्ट नन्हे बच्चों की रिपोर्ट कार्ड दिए गए। वास्तव में ये क्षण न केवल छोटे बच्चों के लिए बल्कि माता.पिता के लिए भी गर्व का क्षण था। इसके साथ.साथ कार्निवल में भी बच्चों के लिए इंतजाम किए गएए जिसमें बच्चे अधिक से अधिक मस्ती कर सके। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले व गेम्स उपलब्ध करवाए गए। सभी कक्षा के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को उत्कृष्ट परिणाम की बधाई दी।

बच्चों को सभ्य नागरिक बनाएं : रीतू

■ अग्रवाल सभा के प्रशासक सुभाष गोयलए विधायक सहित अन्य अतिथियों ने किया दीप प्रज्जवलन

■ श्रीमती अनारादेवी अग्रवाल विद्यालय का वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हालु बाजार स्थित श्रीमती अनारादेवी अग्रवाल विद्यालय के प्रांगण में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे विधायक घनश्याम सर्राफ , अग्रवाल सभा के प्रशासक सुभाष गोयल ने शिरकत की। इसके अलावा मामन साड़ीवाले, मनीष मैदावाला, तथा मुख्याध्यापिका रीतू खेमका भी मुख्य रूप से पहुंचे। कार्यक्त्रम में पहुंचे अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं की छात्राओं ने गणपति वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मंच का संचालन हिमानी व माधवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने पर्यावरण पर सुंदर प्रस्तुतियां दी तथा दूसरी व तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम का संदेश दिया। प्रधानाचार्य रीतू खेमका ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ.साथ अच्छे संस्कार देने पर भी जोर दिया जाता है, ताकि विद्यार्थी एक सभ्य नागरिक बनकर राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान दे सकें। इस मौके पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने बच्चों द्वारा दी गई सभी मनमोहक प्रस्तुतियां की सराहना की तथा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के सदस्य सुमित खेमका, प्रवीण गर्ग, नरेंद्र सर्राफ, रामचंद्र मित्तल, सत्यनारायण मित्तल, नैन कुमार, अधिवक्ता रामअवतार, दीपक तौला, गणेश बंसल, संदीप अग्रवाल, रमेश सिंघल, प्रेम प्रकाश पैट्रोल पंप, प्रदीप कुमार, नवीन गुप्ता, रेखा गुप्ता, सारिका गुप्ता,आशा गोयल, अन्नु जैन, चारू अग्रवाल, रीतू बंसल, मनीष बंसल,संजय, राजकुमार दिनोदिया, पंकज कसेरा, श्रीकृष्ण बुक वाले मौजूद रहे। इसके अलावा वर्धमान ज्वैलर्स अन्नु जैन,चीनार कंपनी से मीनू अग्रवाल, मुरली स्वीट्स, पीटीसी प्रदीप कुमार से रामअतार, दीपक तौला, नैन कुमार, सीताराम सर्राफ विद्यालय में सहयोग राशि दी।

नवदंपति ने पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

■ हरियाली, खुशहाली एवं स्वस्थ जीवन का प्रतीक है पौधा : नेहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने त्रिवेणी बाबा की प्रेरणा से गांव गारनपुरा कलां में नवदंपत्ति के हाथों त्रिवेणी व अन्य पौधों का रोपण करवाया तथा उन्हे पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

हवलदार लोकराम नेहरा की इस मुहिम का सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने प्रशंसा की तथा सभी से आह्वान किया कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे तथा किसी भी अवसर पर पौधारोपण की मुहिम को अपनाना होगा। इस मौके पर पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने कहा कि नवदंपत्ति के लिए एक पौधें से अच्छा उपहार नहीं हो सकता, क्योंकि पौधा हरियाली, खुशहाली एवं स्वस्थ जीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पेड़.पौधें पृथ्वी का आभूषण होने के साथ.साथ हमारे लिए चिकित्सक भी है। पेड़.पौधों से एक तरफ जहां हरियाली बढ़ती है तो वही वातावरण शुद्ध होने के साथ हम बहुत सी बीमारियों से भी बचे रहते है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को औपचरिकता नहींए बल्कि अपना नैतिक कर्तव्य समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आयोजन या खुशी के मौके पर पौधा भेंट करने की परंपरा को आगे बढ़ाने में प्रत्येक व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के	रु. 2000/-
10X 8 सें.मी	अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारी हैं स्वच्छता के असली सिपाही

चरखी दादरी। सीवर सफाई कर्मचारियों के साथ उपायुक्त मनदीप कौर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि दादरी में सीवरमैन के कारण ही लोगों को अच्छा वातावरण मिल पा रहा है। ये कर्मचारी पूरी लगन के साथ सीवर सफाई आदि का कार्य करते हैं तभी हम सब परेशानी से बच पाते हैं। दिन रात इन लोगों की मेहनत सभी के लिए सराहनीय है।

उपायुक्त रविवार को प्रतिष्ठान में सीवरमैन के साथ भोजन करने पहुंची थी। उन्होंने सभी कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और कहा कि दादरी में साफ सफाई के कार्य के लिए संबंधित सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। बिना इन कर्मचारियों के शहर की स्वच्छता बेमानी है। ये कर्मचारी दिन रात काम करके शहर को साफ सुथरा व स्वच्छ रखते हैं। इसके लिए प्रत्येक नागरिक को इनका धन्यवादी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आम लोग केवल अपने घर की सफाई करते हैं लेकिन आप लोग पूरे शहर के लिए लगे रहते हैं।

मानवता के तौर पर भी आप सभी का कार्य सराहनीय है। गर्मी के दौरान और बरसात की शुरू से अंत तक शहर की सफाई सहित जलभराव की समस्या का समाधान अहम है। वैसे तो शहर में बरसाती पानी निकासी की लाइन लगने से जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान हुआ है।

आर्यन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

बच्चों की प्रतिभा तराशकर उन्हें सभ्य नागरिक बनाता आर्यन शिक्षण संस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती देते प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

ढाणी भाकरा स्थित आर्यन सीनियर सैकेंडरी स्कूलका वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम एवं हषोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर रघुबीर सिंह भेरा ने शिरकत की। कार्यक्रम के स्वागतकर्ता संस्थापक एवं संयोजक दलवीर सिंह भेरी, प्रधान एवं प्रबंधक संदीप आर्य व प्रबंधक नरेश तक्षक रहे। मुख्य अतिथि के स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रशासन द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया।

इसके बाद मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्कूली छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल के वार्षिक परीक्षाओं में अव्वल आने वाले मेधावी विद्यार्थियों व स्कूल की अन्य प्रतियोगिताओं में बाजी मारने वाले छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि मास्टर रघुबीर सिंह भेरा ने कहा कि आर्यन शिक्षण संस्थान बच्चों की प्रतिभा तराशकर उन्हे एक सभ्य नागरिक बनाता है, जो कि भविष्य में राष्ट्र की तरकी में अपना अहम योगदान निभाते है। इसीलिए विद्यार्थियों को देश का भविष्य तथा शिक्षण संस्थानें को भविष्य का निर्माता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि वार्षिक पारितोषिक जैसे कार्यक्त्रम बच्चों के हुनर को निखारने का मंच है। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य कविता आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन जरूर करना चाहिएए क्योंकि अनुशासन में रहकर ही कोई युवा अपना भविष्य स्वर्णिम बना सकता है। इस मोके पर ज़िला पार्षद मंजु रानी ने अभिभावक के तौर पर शिरकत कि और उन्हें आर्यन स्कूल के प्राचार्य कविता आर्य ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उनके अपने बच्चे आर्यन स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे है और उन्होंने स्कूल की बहुत तारीफ़ की।